समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# जो रूट को जडेजा ने दिया खुला चैलेजं : बोले- हिम्मत है तो रन लेकर दिखाओ, मैदान पर रखा बॉल | Video Viral.

Publisher

Published on 11 Jul 2025



**भारत-इंग्लैडं टेस्ट मे रंवींद्र जडेजा का मजेदार अंदाज वायरल, 99 रन पर खेल रहे जो रूट को खुलेआम दी चुनौती, फैसं बोले- 'ऐसा आत्मविश्वास चाहिए'**

**भारत-इंग्लैडं टेस्ट :** रवींद्र जडेजा का **जो रूट** को चैलेंज, मैदान पर रख दिया बॉल, बोले- हिम्मत है तो रन लेकर दिखाओ | **Video वायरल**। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला **लॉर्ड्स मैदान** पर खेला जा रहा है। इस टेस्ट के पहले दिन एक मजेदार नजारा देखने को मिला जब **भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (Ravindra Jadeja)** ने इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज **जो रूट** (Joe Root) को रन आउट करने का सुनहरा मौका छोड़ दिया और उन्हें खुलेआम रन लेने की चुनौती दे डाली।

### रूट का संयमित शतक अधूरा

पहले दिन इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और दिन का **अंत 4 विकेट पर 251 रनों के स्कोर** के साथ किया। इंग्लैंड के **उपकप्तान** जो रूट **99 रन** बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने इस दौरान **102 गेदों मे अंपना 67वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया** और **स्टोक्स के साथ 79** रनों की अहम साझेदारी की।

### आखिरी ओवर मे जंडेजा का दिलचस्प अंदाज

पहले दिन की आखिरी ओवर के दौरान रूट ने एक शॉट खेलकर दूसरी रन लेने की कोशिश की। इस दौरान **रवींद्र जडेजा** ने गेंद को फील्ड कर लिया। रन आउट का मौका था लेकिन जडेजा ने गेंद स्टंप पर फेंकने के बजाय जो रूट को हाथ के इशारे से चिढ़ाते हुए चैलेंज दिया कि हिम्मत है तो रन लेकर दिखाओ। उन्होंने गेंद को जमीन पर रख दिया।

रूट ने मुस्कुराते हुए जडेजा का चैलेंज स्वीकार नहीं किया और वहीं रुक गए। स्टंप माइक पर एक खिलाड़ी कहते हुए सुना गया, “आज रात में हीरो मत बन जाना।”

### वीडियो हुआ वायरल

यह पूरा वाकया कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस जडेजा के आत्मविश्वास और मैदान पर उनके मजेदार अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/07/Joe-Root-and-jadeja-video.mp4

### खेल भावना का बेहतरीन उदाहरण

जडेजा का यह अंदाज खेल भावना का बेहतरीन उदाहरण बन गया है। उन्होंने रन आउट करने का मौका छोड़कर खेल को मनोरंजक बना दिया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.